उत्तर प्रदेश शासन
पशुधन अनुभाग–1
संख्या– 64रिट /37–1–2016–7(13)/2016
लखनऊ: दिनांक 20 सितम्बर, 2016

**कार्यालय आदेश**

कार्यालय आदेश संख्या 1798/37–1–2016–9(32)/16, दिनांक 30.6.2016 द्वारा डा0 देवेन्द्र पाल सिंह, अधीक्षक, एच0एस0 वैक्सीन, बी0पी0संस्थान, लखनऊ को जनहित में स्थानान्तरित करते हुए उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जानसठ, मुजफ्फरनगर में तैनात किया गया था, जिसके फलस्वरूप उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जानसठ, मुजफ्फरनगर के पद पर तैनात डा0 दिनेश कुमार प्रतीक्षारत हो गये। डा0 दिनेश कुमार द्वारा उक्त स्थानान्तरण के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच में रिट याचिका संख्या 16912(एसबी)/2016 डा0 दिनेश कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य योजित की गयी। मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 22.7.2016 को आदेश पारित करते हुए रिट याचिका निस्तारित कर दी। मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के प्रभावी अंश निम्नवत है :–

Learned counsel for the petitioner confines his prayer only to the extent that the opposite parties may be directed to consider and dispose of the representation of the petitioner. He submits that all necessary facts have been stated in the representation of the petitioner, contained in Annexure No.12 to the writ petition.

Considering the aforesaid facts, this writ petition is finally disposed of with the direction that the representation of the petitioner, contained in Annexure No.12 to the writ petition, shall be considered and disposed of by the authority concerned within a period of one month from the date a certified copy of this order is produced before him.

2– डा0 दिनेश कुमार द्वारा योजित रिट याचिका संख्या 16912(एसबी)/2016 डा0 दिनेश कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य के साथ संलग्न प्रत्यावेदन दिनांक 07.07.2016 (एनेक्जर–12) जो निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन को सम्बोधित है, में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय आदेश संख्या 1798/37–1–2016–9(32)/16, दिनांक 30.6.2016 एवं निदेशक प्रशासन एवं विकास के पत्र संख्या 3125/स्था–1/एक–क /15(241)/2016–17 दिनांक 30.6.016 के कम में मु0प0चि0अ0 मुजफ्फरनगर के पत्रांक 679/स्था–1/2016–17 दिनांक 06.07.16 द्वारा पशु चिकित्सालय जानसठ, मुजफ्फरनगर का प्रभार समस्त चार्ज सहित हस्तांरण करने के आदेश दिये है। पशु चिकित्सालय जानसठ पर उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का एक पद स्वीकृत है जिस पर शासन के आदेश संख्या 120प0म0/37–1–2013–9/2013 दिनांक 15.05.13 के अनुपालन में कार्यरत है। उन्हे अभी तक स्थानान्तरित नही किया गया है। डा0 दिनेश कुमार द्वारा अनुरोध किया गया है कि उनके स्थानानतरण के आदेश की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करे। उक्त के अतिरिक्त रिट याचिका के एजेक्जर–6 के रूप में संलग्न पत्र दिनांक 01.07.2016 में डा0 दिनेश कुमार ने स्वयं को पशु चिकित्साधिकारी संघ की जनपद इकाई का अध्यक्ष होने एवं ब्लडप्रेशर तथा मधुमेह की बीमारी से ग्रस्त होने का उल्लेख करते हुए स्थानान्तरण को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया है।

3– डा0 दिनेश कुमार के प्रत्यावेदन के निस्तारण से पूर्व शासन के पत्र संख्या 64 रिट /37–1–2016–7(13)/2016 दिनांक 23–08–2016 द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उन्हें अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। डा0 दिनेश कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने दिनांक 29.8.2016 को व्यक्तिगत रूप से विशेष सचिव, पशुधन के

समक्ष उपस्थित हुये और प्रत्यावेदन दिनांक 29.08.2016 प्रस्तुत करते हुये पशु चिकित्सालय कैराना, जनपद शामली में तैनात किये जाने का अनुरोध किया।

4– प्रश्नगत प्रकरण में सम्यक विचारोपरांत पाया गया कि डा0 दिनेश कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कार्यालय आदेश संख्या 2062/37–1– 2016–9(32)/2016 दिनांक 01.08.2016 द्वारा निर्गत किया जा चुका है, जहाँ वह दिनांक 23.08.2016 को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अतः डा0 दिनेश कुमार को अब अन्यत्र तैनात किये जाने का औचित्य नहीं हैं। तदनुसार डा0 दिनेश कुमार के प्रत्यावेदन दिनांक 01.07.2016, 07.07.2016 एवं दिनांक 29.8.2016 को निस्तारित किया जाता है।

पी0के0 महान्ति
प्रमुख सचिव।

संख्या– 64 रिट (1)/37–1–2016,तद्दिनांक,

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग,उ0प्र0, लखनऊ।
2– संयुक्त निदेशक, प्रशासन पशुपालन विभाग,उ0प्र0, लखनऊ।
3– सम्बन्धित अधिकारी अपर निदेशक ग्रेड–1/मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा निदेशक, पशुपालन ।
4– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(प्राणेश चन्द शुक्ल)
अनु सचिव

**कार्यालय निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

संख्याः 4646/स्था0-1/एक-क/15(10)/2016-17 दिनांकः 22/9/16

शासनादेश संख्या-64 रिट/37-1-2016-7(13)/2016 दि0 20.9.16 की पृष्ठांकन प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(पंजीकृत) 1- डा0 दिनेश कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी पशुधन विकास, बदायूँ।

2- अपर निदेशक ग्रेड-2, पशुपालन विभाग, बरेली/सहारनपुर।

3- मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, बदायूँ/मुजफ्फरनगर।

(पंजीकृत) 4- सम्बन्धित अधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, बदायूँ को इस आशय से कि दिनेश कुमार को शासन की एक प्रति उपलब्ध कराते हुए प्राप्ति रशीद तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

5- श्री नवीन गुप्ता, कम्प्यूटर सुपरवाईजर, मुख्यालय को इस आशय से कि आदेश पशुपालन विभाग की वेवसाईट पर तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।

6- प्रशासनिक अधिकारी लेखा अनुभाग/स्था0-3/पटल सहायक प्रविष्टि सेल मुख्यालय।

7- वैयक्तिक पत्रावली।

(नेब्बू लाल)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)